निरन्तर सुधार हो रहा है । यह प्रसन्नता की बात है कि उनके कार्यकाल में देश प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। सार्वजनिक क्षेत्रों में भी लाभ दिखाई पड़ने लगा है । मेरा विश्वास है कि वह अमीरी के आकाश को झुकाएंगे और गरीबी की धरा को उठायेंगे क्योंकि वह सही अर्थों में समाजवादी है । महिलाओं को समानता का अधिकार प्रदान कराने का प्रयास समाजवाद की दिशा में एक महान कदम है । महोदया, भारत के प्रधान-मन्त्री श्री राजीव गांधी जी धर्म-निरपेक्षता के साकार रूप हैं । मुझे एक कथा का स्मरण हो रहा है । एक महात्मा थे जो नदी में डूबते बिच्छु को बचाते थे और बिच्छु उनके हाथ में डंक मार देता था । महात्मा उसको बार-बार उठाते थे बिच्छु बार-बार डंक मारता था । किसी ने पूछा कि आप ऐसा क्यों कर रहे हैं तो महात्मा बोले जब वह अपना स्वाभाव डंक मारना नहीं छोड़ता तब अपना स्वभाव कैसे छोड़ सकता हूं इसे बचाना । हमारे भारत के समस्त सम्प्रदाय इस बात को स्वीकार करते हैं कि श्री राजीव गाँधी एक महान धर्म-निरपेक्ष व्यक्ति है तथा उनके नेतृत्व में कांग्रेस को नीति सदा ही धर्म-निरपेक्षता की रहेगी जिसे रहना भी चाहिये। महोदया मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत की कोटि-कोटि जनता की आशाओं एवं विश्वास की केन्द्र श्री राजीव गाँधी की विदेश यात्राओं से जिन-जिन देशों के साथ हमारे मतभेद रहे हैं जैसे चीन और पाकिस्तान वह कम होंगे, यह आशा बन्धी है । जिन देशों के साथ हमारे मधुर सम्बन्ध थे वे अधिक प्रगाढ़ हुए हैं। श्री राजीव गाँधी के नेतृत्व में गुट-निरपेक्ष आन्दोलन सक्रिय एवं शक्ति-शाली हुआ है अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज में भारत रूपी सूर्य का उदय हुआ है और गुटनिरपेक्षता का प्रकाश विश्व में फैल रहा है । श्री राजीव गाँधी जी के शरीर की प्रत्येक सांस, हृदय की प्रत्येक धड़कन भारत की अखण्डता, एकता तथा प्रभुसत्ता के लिए समर्पित है। उनके नेतृत्व में भारत पुनः जगत के गुरु का नेतृत्व प्राप्त करेगा । महोदया, उनका यह कार्यकाल स्वाधीन भारत के इतिहास में स्वर्णिम युग होगा । जो राजीव गाँधी के युग के नाम से स्मरण किया जायेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं धन्यवाद के प्रस्ताव का हृदय से समर्थन करता हूं और आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया । धन्यवाद ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have an announcement to make. I have to inform Members that as per intimation received, the Finance Minister's Budget Speech in the Lok Sabha will be over at about 6.40 p.M. today; Accordingly, the Budget statement in this House will be laid at 6.45 P.M. instead of 6.0 p.M. as mentioned in today's agenda.

The House is adjourned till 6.45 P.M. today.

The House then adjourned at fifty-one minutes past four of the clock.

The House reassembled at forty-five minutes past six of the clock. The Deputy Chairman in the Chair. THE BUDGET **(**GENERAL**),** 1989-90

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI S. B. CHAVAN); Madam Deputy Chairman, I beg to lay on the Table a statement (in English and Hindi) of the estimated receipts and expenditure of the Government of India for the year 1989-90.

THE DEPUTY CHAIRMAN; The House stands adjourned till 11.00 a.m. tomorrow.

The House then adjourned at forty-six minutes past six of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 1st March, 1989.